नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

# ईरान में शांति की सुबह

## अमेरिका-ईरान 15 दिन के युद्ध विराम पर तैयार

**वाशिंगटन, 08 अप्रैल. अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के लिए युद्धविराम लागू हो गया है. भारतीय समय अनुसार सुबह 5.15 पर दुनिया को सीजफायर की जानकारी मिली. इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्धविराम को विश्व शांति के लिए एक बड़ा दिन बताया. उन्होंने इस युद्ध विराम के लिए चीन की भूमिका की सराहना की. ईरान ने अमेरिका के सामने दस शर्तें रखी थीं. इन शर्तों पर अमेरिका कितना राजी हुआ है यह तो आने वाला समय ही बताएगा. क्या ईरान को मुआवजा मिलेगा? क्या 14 दिन बाद फिर हमला तो नहीं होगा? संघर्ष विराम के बीच ये सवाल उठ रहे हैं.**

40 दिन बाद युद्ध विराम की घोषणा होते ही ईरान में खुशियां खिलखिला उठीं. लाखों की संख्या में लोग शांति का जश्न मनाने बाहर निकल पड़े. ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और ईरान पुनर्निर्माण प्रक्रिया शुरू कर सकता है.

हम हर तरह की आपूर्ति लेकर आएंगे और यहीं आसपास मंडराते रहेंगे, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि सब कुछ ठीक चल रहा है. उन्होंने आशा व्यक्त किया कि सब कुछ ठीक चलेगा. ट्रंप ने कहा कि यह अमेरिका की तरह पश्चिम एशिया का स्वर्ण युग हो सकता है.





### फैक्ट फाइल

- ईरान के साथ मिलकर काम करेगा यूएस.
- भारतीय समय अनुसार सुबह 5.15 पर दुनिया को मिली सीजफायर की जानकारी.
- अमेरिका और ईरान अपनी-अपनी जीत का कर रहे दावा.
- होर्मुज बना ईरान का मास्टर स्ट्रोक.
- अमेरिकी रक्षामंत्री पिट हेगसेथ ने कहा- सीजफायर के लिए गिड़गिड़ाया ईरान.
- हमने सारे लक्ष्य हासिल किए.
- अमेरिका का दावा- ईरान कभी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा.
- होर्मुज स्ट्रेट खोलने की शर्त पर हुआ संघर्ष विराम.
- सऊदी अरब की ईस्ट-वेस्ट तेल पाइपलाइन पर ड्रोन हमला.
- लेबनान के टायर में इजरायली हमला, एम्बुलेंस को बनाया निशाना.

### ईरान ने युद्धविराम के लिए ये दिया प्रस्ताव

ईरानी सरकारी मीडिया ने समझौते के लिए एक 10 सूत्रीय प्रस्ताव का विवरण दिया है, जो आगामी वार्ता का आधार बनेगा. अमेरिका ईरान के खिलाफ आगे कोई सैन्य आक्रमण नहीं करेगा. होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का नियंत्रण बना रहेगा. यूरेनियम संवर्धन के ईरान के अधिकार को स्वीकार किया जाएगा. ईरान पर अमेरिका के सभी प्राथमिक और माध्यमिक प्रतिबंध हटाए जाएंगे. ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सभी प्रस्तावों को समाप्त किया जाएगा. अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के प्रस्तावों को रद्द किया जाएगा. युद्ध से हुए नुकसान के लिए ईरान को मुआवजे का भुगतान किया जाएगा.

### बाजार में तूफानी तेजी

अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध विराम की घोषणा से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में तूफानी तेजी देखने को मिली. बीएसई सेंसेक्स 2,946 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 24,000 अंक के करीब पहुंच गया. बाजार में आई जबरदस्त रौनक का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि सेंसेक्स की शुरुआत सुबह 2,674 अंक की मजबूती के साथ हुई.

### ईरान को हथियार देने पर 50 प्रतिशत टैरिफ

डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि जो देश ईरान को हथियार सप्लाई करेगा, उस पर अमेरिका 50 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा. यह फैसला तुरंत लागू होगा और इसमें कोई छूट नहीं दी जाएगी. ट्रम्प का बयान ऐसे समय आया है, जब एक तरफ अमेरिका शांति की बात कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ ईरान के सहयोगियों को सख्त संदेश दे रहा है कि वे उससे दूरी बनाए रखें.

**कच्चे तेल में आई 17 प्रतिशत गिरावट :** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच जैसे ही सीजफायर का ऐलान हुआ, अंतरराष्ट्रीय तेल बाजार में बड़ी हलचल देखने को मिली। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड में करीब 17 प्रतिशत तक की गिरावट आई, जबकि ब्रेंट क्रूड भी तेजी से फिसल गया।

# आज से गेहूं खरीदी शुरू




सीएम ने सभी कलेक्टरों को सुगम व्यवस्था करने के दिए निर्देश

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 8 अप्रैल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 9 अप्रैल से गेहूं खरीदी आरंभ हो रही है. उन्होंने सभी उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए सहज-सुगम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सभी कलेक्टर्स और एसडीएम को दिए गए हैं. उपार्जन केन्द्रों पर किसानों के लिए पेयजल और छायादार स्थान की व्यवस्था की जा रही है. गेहूं उपार्जन जैसी महत्वपूर्ण और व्यापक गतिविधि में सामाजिक और सेवाभावी संस्थाएं भी सहयोग करें. प्रदेश में वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है. राज्य सरकार किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है.

( शेष पेज 12 पर )




अमूल रु. एक लाख करोड़ के शानदार टर्नओवर पर पहुँचा

### रेत माफिया ने वन रक्षक की ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर की हत्या

**मुरैना, 8 अप्रैल.** रेत माफिया ने अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई करने गई वन विभाग की टीम पर हमला कर दिया. इस हमले में वन रक्षक हरकेश गुर्जर की मौत हो गई, उन्हें ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचल दिया था. घटना दिमनी थाना इलाके में रानपुर गांव चौराहे के पास बुधवार सुबह हुई.

पुलिस ने बताया कि अवैध रेत परिवहन की सूचना पर वन विभाग की 6 सदस्यीय टीम कार्रवाई करने पहुंची थी, तभी ड्राइवर विनोद कोरी ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर भागने की कोशिश की. वन रक्षक गुर्जर ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन विनोद ने उन्हें ट्रैक्टर-ट्रॉली चढ़ाकर कुचल दिया और फरार हो गया. कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़, एसपी समीर सौरभ और डीएफओ हरिचंद्र बघेल घटना स्थल का मुआयना कर रहे हैं.

# बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

**41,533.81 करोड़ की खाद सब्सिडी को मंजूरी**

**13,037.66 करोड़ जयपुर मेट्रो के लिए स्वीकृत**

पीएम मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट बैठक



**नई दिल्ली, 08 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट बैठक हुई. यहां इंफ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा और कृषि क्षेत्रों से जुड़े कई बड़े फैसले लिए गए, जो देश की अर्थव्यवस्था और विकास को गति देने वाले माने जा रहे हैं. इस बैठक में जहां एक ओर बड़े औद्योगिक और परिवहन प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई, वहीं किसानों को राहत देने के लिए भारी भरकम सब्सिडी का ऐलान भी किया गया.**

बैठक में कृषि क्षेत्र में राहत देते हुए सरकार ने खरीफ सीजन 2026 के लिए 41,533.81 करोड़ रुपये की खाद सब्सिडी को मंजूरी दी है. यह सब्सिडी डीएपी और एनपीके जैसे फॉस्फेट एवं पोटाश आधारित उर्वरकों पर दी जाएगी, जिससे किसानों को सस्ती दरों पर खाद उपलब्ध हो सके.

सबसे अहम फैसलों में एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड परियोजना शामिल रही. इस मेगा रिफाइनरी की लागत को बढ़ाकर 43,129 करोड़ रुपये से 79,459 करोड़ रुपये कर दिया गया है. साथ ही हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का इक्विटी निवेश भी बढ़ाकर 19,600 करोड़ रुपये किया जाएगा.

इसी के साथ कैबिनेट ने जयपुर मेट्रो के फेज-2 को भी मंजूरी दे दी है. करीब 13,037.66 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह 41 किलोमीटर लंबा नॉर्थ-साउथ कॉरिडोर प्रहलादपुरा से टोडी मोड़ तक जाएगा, जिसमें 36 स्टेशन होंगे. ऊर्जा क्षेत्र में भी बड़ा कदम उठाते हुए सरकार ने अरुणाचल प्रदेश में दो बड़े हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है.



10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | BAJAJ AUTO CREDIT | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. पल्सर N160 USD सिंगल सीट वैरिएंट पर दिए गए ई-कॉम ऑफ़र्स, संबंधित ई-कॉम पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं. ई-कॉम ऑफ़र्स हर पार्टनर के अनुसार परिवर्तित हो सकते हैं. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: Annapurna Road, MANGALAM BAJAJ 7611115001• Airport Road MANGALAM BAJAJ 7611113222, • Bengali Square MANGALAM BAJAJ 9752522777, • Sapna Sangeeta Road SOJATIA BAJAJ 9827808050, Vijay Nagar SOJATIA BAJAJ 8357064113 • LIG Sqaure Bhagirath Bajaj 8878860666 Manglaya Bhagirath Bajaj 8871263631, Geeta Bhavan BHAGIRATH BAJAJ 8878860777 Marimata Bhagirath Bajaj 8871263636 Dewas MAINASHREE BAJAJ 9752542422 • Dhar RAJPUROHIT BAJAJ 7415286916 • Kukshi Rajpurohit Bajaj 8085549916 • Dhamnod Rajpurohit bajaj 9981133916 Petlawad Rajpurohit Bajaj 9039750916• Jhabua CHHAJED BAJAJ 9098930166 • Mhow BIYANI BAJAJ 07440444425, Rau BIYANI BAJAJ 8602344425, Pithampur Biyani Bajaj 7566777725, Ratlam – Central BAJAJ – 07412-356838, 9039001891 • Shujalpur – Nema BAJAJ 9009151539,7049733995, 07360-242292 • Ujjain: Agar Road – Bhagirath Bajaj 8871455990, Dewas Road – Mainashree Bajaj 9893625022.